


**MAHATMA GANDHI HAS SHOWN US THE PATH OF SPIRITUALITY AND SELF-RELIANCE: LOK SABHA SPEAKER/महात्मा गांधी ने हमें आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**IN CONTEMPORARY WORLD ORDER, GANDHIAN PHILOSOPHY HAS BECOME MORE RELEVANT: LOK SABHA SPEAKER/वर्तमान विश्व व्यवस्था में गांधीवादी दर्शन अधिक प्रासंगिक हो गया है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**SHRI BIRLA LEADS SWACHHATA ABHIYAN IN PARLIAMENT PREMISES ON GANDHI JAYANTI/श्री बिरला ने गांधी जयंती पर संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया**

**…**

**SHRI BIRLA PAYS TRIBUTE TO MAHATMA GANDHI AND SHRI LAL BAHADUR SHASTRI IN CENTRAL HALL/श्री बिरला ने केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी**

**…**

**SHRI BIRLA ADDRESSES STUDENTS IN CENTRAL HALL/श्री बिरला ने केन्द्रीय कक्ष में छात्रों को संबोधित किया**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER VISITS RAJ GHAT AND VIJAY GHAT TO PAY TRIBUTES TO MAHATMA GANDHI AND SHRI LAL BAHADUR**

**SHASTRI/लोक सभा अध्यक्ष महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट और विजय घाट गए।**

**…**

**New Delhi; 2 October, 2024:** On the occasion of birth anniversaries of Mahatma Gandhi and former Prime Minister Shri Lal Bahadur Shastri, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla participated in several programmes.

Shri Birla leads Swachhata Abhiyan in Parliament Premises

To commemorate Gandhi Jayanti, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla led Swachhata Abhiyan at Prerna Sthal in Parliament premises. Inspired and led by Lok Sabha Speaker, Secretary – General, Lok Sabha, Shri Utpal Kumar Singh and Officers and Officials of Lok Sabha Secretariat participated in large number in the Swachhata Abhiyan. On this occasion, Shri Birla urged all to make Swachhata a part of their lives and to encourage others to promote cleanliness in their surroundings.

Shri Birla also paid floral tributes at the statue of Mahatma Gandhi at Prerna Sthal in Parliament premises.

Shri Birla pays tribute to Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri in Central Hall

Lok Sabha Speaker, Shri Om Birla paid floral tributes to Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri at their portraits in Central Hall, Samvidhan Sadan, on their birth anniversary, today.

Union Minister for Health and Family Welfare and Chemicals and Feritilisers, Shri J P Nadda; Leader of Opposition in Rajya Sabha, Shri Mallikarjun Kharge; Deputy Chairman, Rajya Sabha, Shri Harivansh, Members of Parliament, former Members and other dignitaries also paid tributes to Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri at their portraits in Central Hall, Samvidhan Sadan.

Shri Birla addresses students in Central Hall

On the occasion of birth anniversary of Mahatma Gandhi and former Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri, Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed students from various schools in Central Hall, Samvidhan Sadan.

Welcoming the students to Parliament and appreciating their speeches in Central Hall, Shri Birla said that the lives of Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri inspire all of us to dedicate ourselves to serve country selflessly. He observed that the people's movement for Independence led by Mahatma Gandhi with the principles of truth, non-violence and morality not only led to India's freedom but also continue to guide and inspire several other countries in their pursuit of peace and development, Shri Birla noted that in the contemporary world Gandhian ideals and philosophy have become more relevant.

Stressing on adopting Gandhian philosophy as a way of life, Shri Birla opined that the path of spirituality and self-reliance shown by him will guide us to make India developed and aatmanirbhar. Referring to Prime Minister Shri Narendra Modi's pledge to make India swachha, he urged the students to make Swachhata and sustainability a part of their lives. He also urged them to follow and adopt Gandhian teachings and his philosophy to serve the country selflessly.

Lok Sabha Speaker visits Raj Ghat and Vijay Ghat

Earlier in the day, Lok Sabha Speaker visited Rajghat and Vijay Ghat to pay his respects to Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri, respectively.

Shri Birla pays tributes to Mahatma Gandhi and Shri Lal Bahadur Shastri on Twitter

Paying tributes to Mahatma Gandhi, Shri Birla stated on his Twitter handle, "On the birth anniversary of the Father of the Nation, I pay my humble tributes to Mahatma Gandhi, seeker of truth, and messenger of non-violence and peace. His entire life is a message of loyalty and dedication towards the nation. The ideals of Gandhi Ji inspire us to work hard for the overall progress of the nation and society".

Paying tributes to former Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri, Shri Birla stated on his Twitter handle, "Humble tributes on the birth anniversary of former Prime Minister Shri Lal Bahadur Shastri Ji. He played an important role in the freedom struggle and in the progress of India after independence. Shastri Ji's hard work and dedication are still inspiration for public representatives and all of us".

**नई दिल्ली; 2 अक्तूबर, 2024:** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कई कार्यक्रमों में भाग लिया।

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया

गांधी जयंती के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया। लोक सभा अध्यक्ष की प्रेरणा और नेतृत्व में, लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर, श्री बिरला ने सभी से स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और अन्य लोगों को भी अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

श्री बिरला ने संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की

श्री बिरला ने केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जे.पी. नड्डा; राज्य सभा में विपक्ष के नेता, श्री मल्लिकार्जुन खड़गे; राज्य सभा के उपसभापति, श्री हरिवंश, संसद सदस्य, पूर्व सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री बिरला ने केन्द्रीय कक्ष में छात्रों को संबोधित किया

महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर, लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों को संबोधित किया।

संसद भवन में छात्रों का स्वागत करते हुए और केन्द्रीय कक्ष में उनके द्वारा दिए गए भाषणों की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हम सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्य, अहिंसा और नैतिकता के सिद्धांतों के साथ स्वतंत्रता के लिए किए गए जन आंदोलन से न केवल भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, बल्कि इन्हीं सिद्धांतों से अन्य देशों को भी शांति और विकास की दिशा में मार्गदर्शन और प्रेरणा मिलती रही है। श्री बिरला ने कहा कि आज दुनिया में गांधीवादी आदर्श और सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

गांधीवादी दर्शन को जीवन पद्धति के रूप में अपनाने पर जोर देते हुए, श्री बिरला ने कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में हमारा मार्गदर्शन करेगा। भारत को स्वच्छ बनाने के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने छात्रों से स्वच्छता और सतत विकास को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों से निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने के लिए गांधीवादी शिक्षाओं और दर्शन को अपनाने और अपने जीवन में उनका पालन करने का आग्रह भी किया।

लोक सभा अध्यक्ष राजघाट और विजय घाट गए

इससे पहले, लोक सभा अध्यक्ष ने राजघाट और विजय घाट जाकर महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्री बिरला ने ट्विटर पर महात्मा गांधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए, श्री बिरला ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा," सत्य के साधक, अहिंसा और शांति के दूत, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर सविनय नमन। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण का संदेश है। पूज्य गांधी जी के आदर्श हमें राष्ट्र और समाज की समग्र प्रगति के लिए निरंतर कर्मशील रहने की प्रेरणा देते हैं"।

पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए, श्री बिरला ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, "पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सादर नमन। स्वाधीनता संघर्ष में और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत की प्रगति में उनकी अतुलनीय भूमिका थे। श्रद्धेय शास्त्री जी की कर्मठता और कर्तव्यपरायणता आज भी जनप्रतिनिधियों और हम सभी के लिए प्रेरक है।"